प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक : 01.09.2025 समय : 01:00 पी.एम.

राज्य की 16वीं विधानसभा का चौथा सत्र आज हंगामे के साथ शुरू हुआ। प्रतिपक्ष ने मतदाता सूची संशोधन मुद्दे को लेकर सदन में जोरदार हंगामा किया। स्पीकर वासुदेव देवनानी ने विपक्षी सदस्यों को सदन के अनुरूप व्यवहार करने को कहा। हंगामे के बीच ही जीएसटी द्वितीय संशोधन विधेयक 2025, कारखाना राजस्थान संशोधन विधेयक 2025 और राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय अध्यादेश 2025 सदन में रखे गये। इसके अलावा राजस्थान कोचिंग सेंटर नियंत्रण और विनियमन विधेयक 2025 को दोबारा सदन में रखा गया। यह विधेयक पिछले सत्र में पेश किया गया था जिसे प्रवर समिति को भेज दिया गया था। सदन में आज पिछले दिनों दिवंगत हुई प्रमुख हस्तियों को श्रद्धाजंलि अर्पित की गई और उनके निधन पर शोक प्रकट किया गया। इनके अलावा पहलगाम हमले, अहमदाबाद की विमान दुर्घटना, उत्तराखण्ड में बादल फटने, हिमाचल प्रदेश और जम्मू कश्मीर में बारिश और भूस्खलन के कारण हुए हादसों के मृतकों को भी श्रद्धाजंलि दी गई। इसके बाद सदन की कार्यवाही बुधवार तक के लिए स्थगित कर दी गई।

0000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि आतंकवाद पर दोहरे मापदंड अस्वीकार्य हैं। तियानजिन में एससीओ शिखर सम्मेलन में अपने वक्तव्य में, श्री मोदी ने आतंकवाद को मानवता के लिए बड़ी चुनौती बताते हुए कहा कि आतंकवाद के सभी रूपों की निंदा की जानी चाहिए। प्रधानमंत्री ने पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत के साथ एकजुटता दिखाने वाले देशों का आभार व्यक्त किया। श्री मोदी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि एससीओ के सदस्य के रूप में भारत ने सकारात्मक भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि एससीओ के लिए भारत का दृष्टिकोण और नीति तीन महत्वपूर्ण स्तंभों – सुरक्षा, संपर्क और अवसर – पर आधारित है। प्रधानमंत्री मोदी ने एससीओ शिखर सम्मेलन के दौरान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ विचारों का आदान–प्रदान भी किया।

0000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला कोटा संसदीय क्षेत्र के दौरे पर है। वे आज विभिन्न सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। श्री बिरला कैम्प कार्यालय में क्षेत्रवासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं भी सुनेंगे। उनका सोगरिया में गणेश महोत्सव आरती मे भी शामिल होने का कार्यक्रम है।

0000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे आज जैसलमेर के दौरे पर रहेंगे। श्री बागडे रामदेवरा में चल रहे रामदेव नेत्र कुम्भ का दौरा करेंगे। इसके बाद श्री बागडे का लोक देवता बाबा रामदेव मंदिर के दर्शन कर पूजा अर्चना का कार्यक्रम है।

0000

प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम और कहीं–कहीं भारी से अतिभारी वर्षा दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटे में सबसे ज्यादा 21 सेंटीमीटर बरसात जोधपुर के चामूं में रिकॉर्ड हुई। असनावर में 16, डूंगरगढ में 15, छोटी सादडी में 14, जालौर और झालरापाटन में 13–13, टोडाभीम और जोधपुर तहसील में 11–11, बुहाना और मलसीसर में 10–10 सेंटीमीटर वर्षा दर्ज की गई। राजधानी जयपुर में आज सुबह से ही रूक–रूक कर हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी है। सवाईमाधोपुर में भी सुबह से बरसात हो रही है। इससे नदी नालों में पानी की आवक बढ गई है। अजमेर के आनासागर और वरूण सागर झील में भी लगातार पानी आ रहा है। तेज बरसात के मद्देनजर कोटपूतली–बहरोड़, जोधपुर, झुंझुनूं और टोंक जिलों के स्कूलों में आज विद्यार्थियों का अवकाश घोषित किया गया है। मौसम विभाग ने आज 27 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार सितंबर का पहला सप्ताह भी भारी बारिश वाला रहेगा। खासकर पूर्वी राजस्थान के अलवर, भरतपुर, झुंझुनूं, सीकर और जयपुर में सामान्य से अधिक वर्षा हो सकती है।

0000

देश के ग्रामीण क्षेत्रों में बालिकाओं की शिक्षा के लिए सामुदायिक और सरकारी संसाधन जुटाने के लिए समर्पित, भारत के एक स्वयंसेवी संस्थान को 2025 के रमन मैग्सेसे पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। द फाउंडेशन टू एजुकेट गर्ल्स ग्लोबली नाम के इस संगठन की स्थापना सामाजिक कार्यकर्ता सफीना हुसैन ने 2007 में राजस्थान में की थी। यह संगठन एजुकेट गर्ल्स के नाम से लोकप्रिय है। रमन मैग्सेसे की आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि एजुकेट गर्ल्स ने लड़कियों की शिक्षा के मामले में सबसे ज़रूरतमंद समुदायों की पहचान की और स्कूल नहीं जाने वाली लड़कियों को कक्षा में लाया गया और उन्हें तब तक कक्षा में बनाए रखने का काम किया जब तक वे उच्च शिक्षा और लाभकारी रोज़गार के लिए योग्यता हासिल नहीं कर लेतीं। 67वें रमन मैग्सेसे पुरस्कारों का वितरण आगामी 7 नवम्बर को मनीला के मेट्रोपॉलिटन थिएटर में किया जएगा।

0000